06 अगस्त 2024 :

माननीय राज्यपाल-सह-झारखण्ड राज्य के विश्वविद्यालयों के कुलाधिपति श्री संतोष कुमार गंगवार से आज राँची विश्वविद्यालय, राँची के कुलपति डॉ० अजीत कुमार सिन्हा, बिरसा कृषि विश्वविद्यालय, राँची के कुलपति डॉ० सुनील चंद्र दुबे, झारखंड प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, रांची के कुलपति डॉ० डी०के० सिंह, झारखण्ड ओपेन विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ0 टी०एन० साहु ने राज भवन में भेंट की एवं विश्वविद्यालय की शैक्षणिक व प्रशासनिक गतिविधियों से अवगत कराया।

उक्त अवसर पर राज्यपाल महोदय ने उपस्थित सभी कुलपतिगण से कहा कि विद्यार्थियों को हर हाल में गुणात्मक शिक्षा सुलभ हो, हमारे विश्वविद्यालय यह सुनिश्चित करें तथा एकेडमिक कैलेंडर का पूर्णतः पालन हो। हमारे विश्वविद्यालय छात्रहित में सदा सक्रियता से कार्य करें। हमारे शिक्षण संस्थानों में सर्वत्र ज्ञान का माहौल हो एवं सभी अनुशासित होकर अपना कार्य करें। इस अवसर पर राज्यपाल के प्रधान सचिव डॉ० नितिन कुलकर्णी भी उपस्थित थे।

इसके अतिरिक्त माननीय राज्यपाल महोदय से सरला बिरला विश्वविद्यालय, राँची के कुलपति डॉ० गोपाल पाठक ने राज भवन में भेंट की एवं विश्वविद्यालय की स्थिति से अवगत कराया।